धरपकड़ | एनएच 30 में पुलिस ने की कार्रवाई, 1 लाख 76 हजार रूपए की शराब जब्त, दो गिरफ्तार

लोडर वाहन से हो रही थी शराब की तस्करी

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाने की झिंझरी पुलिस चौकी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से पुलिस ने एक लोडर वाहन से 288 लीटर शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब एक लाख 76 हजार रूपए आंकी गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शराब की अवैध तस्करी के आरोप में लोडर वाहन भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 11-12 जनवरी की दरम्यानी रात गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक लोडर वाहन में शराब की अवैध तस्करी की जा रही है, लोडर वाहन तेवरी की ओर से कटनी की ओर आ रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम को नाकेबंदी के लिए भेजा गयाए पुलिस टीम ने मेगी प्वाइंट ढाबा के सामने मुखबिर द्वारा बताए अनुसार लोडर वाहन को रोका गया। लोडर वाहन में चालक और एक अन्य युवक बैठा था। दोनों पुलिस को देखकर पीछे की ओर भागने लगे। जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक रंगनाथ थाना क्षेत्र के लखेरा निवासी माधव पिता शंभू शंकर केवट (19) और गोपी पिता गंगाराम भूमिया (22) हैं। लोडर वाहन की तलाशी के दौरान उसके अंदर से देशी शराब से भरी 32 पेटियां मिली। पेटियों में 16 सौ पाव शराब रखी हुई थी। जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख 76 हजार रूपए है। पुलिस ने शराब जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने साढ़े सात लाख रूपए कीमत लोडर वाहन भी जब्त कर लिया है। कार्रवाई में झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राजेश दुबे, एएसआई शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश चौधरी, पंकज त्रिपाठी की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया और माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे के मार्गदर्शन में की गई है।

मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना से हर महीने मिलेंगे 6 सौ रूपए

नवभारत, कटनी। सामाजिक न्याय और नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में हितग्राही को 6 सौ रूपए प्रतिमाह की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए ऐसे दम्पत्ति, जिसमें पति- पत्नी में से किसी एक की आयु 60 वर्ष या इससे अधिक हो और उनकी सिफ बेटियां हैं और उनका विवाह हो गया है, वे मध्यप्रदेश के मूल निवासी है, और आयकर दाता नहीं है, ऐसे दंपत्ति इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते है। इस योजना में आवेदक को मूल निवासी प्रमाण पत्र, जिन दम्पत्ति की सिर्फ कन्या हैं कोई जीवित पुत्र नहीं है के संबंध में प्रमाण पत्र, आयकर दाता नहीं है, के संबंध में स्व घोषणा प्रमाण पत्र देना होगा। इसके साथ ही आवेदक को आयु, निवास के संबंध में भी प्रमाण पत्र देना होगा। संयुक्त फोटो देना होगा।



कलेक्टर के साथ छात्रों ने किया सामूहिक योग

माधवनगर उत्कृष्ट स्कूल में किया गया आयोजन

नवभारत, कटनी। माधवनगर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सोमवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, सहित गणमान्य नागरिको, विभिन्न विभाग के अधिकारियों और छात्रों ने हिस्सा लिया। शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में आयोजित युवा दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रुप से सूर्य नमस्कार व योग की क्रियाए एक समय और एक संकेत के अनुसार की। विद्यार्थियों के साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने आकाशवाणी से प्रसारित कार्यक्रम अनुसार एक साथ चरणबद्ध सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। रेडियों प्रसारण के साथ-साथ कलेक्टर और अधिकारियों सहित काफी संख्या में विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर प्रार्थनामुद्रा, हस्तउत्सासन, पादहासन, अश्वसंत्वासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन कर सूर्य नमस्कार के सात आसानों की 12 स्थितियों के क्रम को दोहराया। साथ ही अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम भी किया। इसी तरह जिले के सभी हाईस्कूल और हायर सेकेंड्री स्कूलों में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वाहन रैली निकालकर दिया हिंदू सम्मेलन का संदेश

जिले वासियों में राष्ट्रचेतना जगाने निकाली गई रैली

नवभारत, कटनी। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर और स्वामी विवेकानंद की जयंती दिवस पर सोमवार को मातृ शक्तियों की विशाल वाहन रैली निकाली गई। रैली कटनी रेलवे स्टेशन के पास स्थित भगवान श्रीराम मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। शहर भ्रमण के बाद वाहन रैली का समापन घंटाघर रामलीला मैदार में भारत माता की आरती के साथ किया गया। वाहन रैली में सभी महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहनकर शामिल हुईं थी। रैली के आयोजन का उद्देश्य जिले वासियों में राष्ट्र की चेतना को जगाने और सर्व हिंदू समाज की एकता के लिए सभी मातृ शक्तियों को एक करना था। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है जिसमें महाकौशल प्रांत में 15 से 30 जनवरी में सभी बस्तियां और मंडलों में हिंदू सम्मेलन के आयोजन भी किए जाएंगे। हिंदू सम्मेलन के निमित्त सभी लोग सहभागी हो इसलिए यह वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली में काफी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुईं।

स्वस्थ्य, स्वच्छ, सुंदर व सुव्यवस्थित शहर बनाना ही नगर निगम का पहला लक्ष्य

विवेकानंद वार्ड में 45 लाख 80 हजार की लागत से बनेगी सड़क

नवभारत, कटनी। नगर निगम सीमा अंतर्गत विवेकानंद वार्ड में करीब 45.80 लाख की लागत से डामर रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कराया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एमआईसी सदस्य सुरेंद्र गुप्ता, मेयर इन काउंसिल सदस्य लोकनिर्माण प्रभारी डॉ रमेश सोनी, सहित स्थानीय वार्डवासियों की उपस्थिति रही। सड़क निर्माण कराए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शहर के सभी वार्डों का संतुलित और समान विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और बेहतर सड़कों से न सिर्फ आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलती है। महापौर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वस्थ, स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और वार्ड के समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी।

साथ ही उन्होंने क्षेत्र में किए गए और प्रस्तावित अन्य विकास कार्यों के लिए भी महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर ने विवेकानंद वार्ड की निवासी फुटबॉल की खिलाड़ी कुमारी अनुष्का गर्ग का सम्मान कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने श्री त्रिलोकीनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शंकर और माता पार्वती के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। महापौर ने शहर की सुख-समृद्धि, शांति और लगातार विकास के लिए मंगल कामना की और नगर के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में महापौर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डामर रोड निर्माण कार्य गुणवत्ता के सभी निर्धारित मानकों का पालन करते हुए समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को जल्द ही इसका लाभ मिल सके और क्षेत्र में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। कार्यक्रम के दौरान आशीष मिश्रा, रामअवतार पाठक, अशोक पांडेय, दिनेश बर्मन, मुकेश बर्मन, अशोक पाठक, राकेश गुप्ता, महेंद्र सिंह, भोला साहू, कुमारी अनुष्का गर्ग, सुषमा मण्डल, नीलू बड़गैया, पारो गोस्वामी, मंजू गोस्वामी, अनीता निगम सहित क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

एक नजर में

गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनेंगे कलेक्टर

नवभारत, उमरियापान। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनता के बीच पहुंच कर उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसके लिए कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पर पहुंच कर जनसमस्याओं और शिकायतों से रू-ब-रू होंगे और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। कलेक्टर मंगलवार 13 जनवरी को सुबह 11 बजे से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 20 जनवरी को जनपद पंचायत बहोरीबंद में, मंगलवार 27 जनवरी को जनपद पंचायत रीठी में, मंगलवार 3 फरवरी को जनपद पंचायत बड़वारा में और मंगलवार 10 फरवरी को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक जनपद स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई कार्यक्रम की खासियत यह होगी कि कलेक्टर सहित सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आयोजन के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन्वय अधिकारी तैयारी करने के लिए कहा गया है।

बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण, संविधान के मार्ग पर चलने का संकल्प

दशरमन में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत दशरमन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश को एक ऐसा संविधान दिया जो समानता और न्याय की बुनियाद पर टिका है। उनकी प्रतिमा हमें सदैव उनके संघर्षों और शिक्षित बनने के संदेश की याद दिलाती रहेगी। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढीमरखेड़ा के अध्यक्ष आनंद मिश्रा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रंजीत सिंह, शैलेंद्र पौराणिक, निरंजन खटीक, गणेश दत्त गौतम, अखिलेश राजभर, रवि अवस्थी और मंडलम अध्यक्ष रमेश गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर विकास जैन, अज्जू पटेल, भूरा पटेल, चंद्रशेखर सोनी, स्वतंत्र चौरसिया, सत्तू सोनी, सुनील पटेल, मुकेश पटेल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी और काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को नमन किया।

सेवा सप्ताह के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

सरकारी कॉलेज में आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

नवभारत,उमरियापान। जिले के उमरियापान सरकारी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती जी की जयंती युवा दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। 6 जनवरी से 12 जनवरी तक राष्ट्रीय सेवा योजना, जन अभियान परिषद के तत्वावधान में कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । सेवा सप्ताह के दौरान निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता, नशा मुक्ति रैली, बाल संरक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण और 12 जनवरी को समापन अवसर पर शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की प्राचार्या डॉ आरती धुर्वे और मुख्य अतिथि श्रीमती बबिता शाह द्वारा स्वामी विवेकानंद जी तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार, योग और ध्यान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अभिलाषा चौरसिया द्वारा किया गया । कार्यक्रम के दौरान कॉलेज स्टाफ डॉ नीमा सिंह, डॉ जयश्री शुक्ला, डॉ अरूणा दास, डॉ दिव्या शुक्ला, डॉ जयप्रकाश अवस्थी, डॉ ईश्वरदीन चौधरी, रहवर रजा मंसूरी, निकेत सराठे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भावातीत ध्यान करने से मिलता है मानसिक लाभ

करौंदी आश्रम में ज्ञानयुग दिवस कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत, उमरियापान। भावातीत ध्यान के प्रणेता ब्रम्हलीन महर्षि महेश योगी की 109वीं जयंती करौंदी स्थित महर्षि वेद विज्ञान विधापीठ आश्रम में ज्ञानयुग दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोपचार के बीच गुरू परंपरा के तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण से किया गया । इस अवसर पर वैदिक पंडितों ने शांति पाठ किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महर्षि महेश योगी जी ने प्रत्येक मानव में चेतना जाग्रत करने और उसे स्थायित्व देने के लिए भावातीत ध्यान की एक सरल, सहज और प्रयास रहित पद्धति विश्व को प्रदान की है। इसका प्रतिदिन सुबह-शाम अभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक लाभ प्राप्त होता है । कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, महर्षि विवि के मानवेंद्र पांडे, विधापीठ प्रभारी अरविंद सिंह, सहप्रभारी रतिभान सिंह, रामदरश यादव सहित आश्रम परिवार की उपस्थिती रही।

शिक्षा विभाग में लगातार बढ़ रहा भ्रष्टाचार, रोक लगाए जाने की मांग

शिक्षक संगठन के नववर्ष मिलन समारोह में उठा मुद्दा

नवभारत, कटनी। शासकीय शिक्षक संगठन का नववर्ष मिलन समारोह और कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुमधुर भजनों, गक्कड़ भोज के साथ कलेक्ट्रेट के पास काली मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, रवि खरे, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, रीठी जनपद अध्यक्ष प्रकाश साहू, जिला पंचायत सदस्य पप्पू मिश्रा, भाजपा नेता मृदुल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष सुनील मोटवानी सहित शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे, सागर, जबलपुर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी, एपीसी अभय जैन, राकेश सिन्नरकर, मनोज गौतम, योगेश तिवारी सहित अलग-अलग स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि शिक्षा विभाग में अराजकता, भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा लगातार बढ़ रहा है। उन्होने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे अधिकारियों से चर्चा कर अराजकता, भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा में रोक लगवाएं। कार्यक्रम में शासकीय शिक्षक संगठन कटनी के वरिष्ठ पदाधिकारी रजनीश तिवारी, देवेंद्र तिवारी, मनीष सिंह गौतम, हरीश दुबे, शालिनी तिवारी सहित काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षकाओं की उपस्थिति रही।

बैठक | ईएचआरएमएस पोर्टल पर पटवारियों को ऑनबोर्ड कराने समय-सीमा की बैठक में दिए गए निर्देश

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही करने पर कटेगा वेतन

नवभारत, कटनी। स्थानीय निकायों, ग्राम पंचायतों में हैंडपंप, पेयजल स्त्रोतों, पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराएं। नियमित तौर पर जलस्त्रोतों का क्लोरीनीकरण सुनिश्चित हो। पेयजल से संबंधित शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करें। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का बैंकों से समन्वय कर निष्पादन सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलंबार मिश्रा मौजूद रहे। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को अपने क्षेत्र के बड़े व्यावसायिक संगठनों से संपत्ति कर वसूलने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कृषि उपज मंडी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायत नॉन अटेंडेंट पाए जाने पर कलेक्टर ने एल-1 अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व विभाग के अंतर्गत शिकायत नॉन अटेंडेंट पाए जाने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के ओएस का एक दिन का वेतन, स्लीमनाबाद तहसील में निम्न गुणवत्ता से शिकायत बंद कराने पर संबंधित कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कृषि, स्कूल शिक्षा, नगर निगम, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पीडब्ल्यूडी, परिवहन, वित्त, योजना, आर्थिक सांख्यिकी, सामाजिक न्याय, खाद्य विभागों के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने तहसील बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, बरही, ढीमरखेड़ा, रीठी को एफआरए वनाधिकार पट्टाधारकों की फार्मर आईडी बनाने के कार्य में गंभीर, ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अभिलेखों की स्कैनिंग कार्यों की समीक्षा के दौरान तहसीलदारों को अपनी तहसीलों से पटवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय भेजकर अभिलेखों की स्कैनिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को ईएचआरएमएस पोर्टल पर पटवारियों को शीघ्र ऑनबोर्ड कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फार्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीएम किसान योजनांतर्गत बैंक से आधार लिंकिंग के लिए एनपीसीआई कैंप लगाने के निर्देश दिए। समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा भी की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने लिए सेंपल

नवभारत, कटनी। जिले में नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य विक्रय प्रतिष्ठानों की लगातार जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि इसी क्रम में जांच टीम द्वारा शांति नगर स्थित अमन डेयरी, केदार डेयरी और माधव नगर स्थित ओंकार डेयरी से दूध के 4 नमूने लिए गए हैं। इसी प्रकार आजाद चौक स्थित मां शारदा डेयरी से दूध और पनीर के सैंपल लिए गए हैं। इन सभी नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पूरे जिले में जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि जिले वासियों को शुद्ध दूध और उससे बनी सामग्रिया मिल सके। अभियान लगातार जारी रहेगा। कलेक्टर के आदेश पर यह अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। साथ ही मिलावट मिलने पर जुर्माना कार्रवाई भी की जा रही है। अभियान लगातार जारी रहेगा।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024